राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	छाजूराम बनाम अर्जुन हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 1590/2025	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27/11/2025	प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत शीघ्र सुनवाई एवं प्रार्थना पत्र अपील विड्रा फरमाये जाने बाबत पेश किये जाने पर आज यह पत्रावली कार्यालय से तलब होकर पेश हुई। प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण ने अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र बाबत विड्रा में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया कि पक्षकारो के मध्य लोक अदालत की भावना से तथा परिवार एवं समाज के मौजिज व्यक्तियों की समझाईश से राजीनामा हो गया है, जिससे अपीलार्थीगण अपनी यह अपील अब आगे नही चलाना चाहते है एवं अपील विड्रा कर ख़ारिज करना चाहते है। अत: अपील विड्रो कर ख़ारिज फरमायी जावे। जिस पर अधिवक्ता कैवियटकर्ता/रेस्पो. ने उपस्थित होकर अपनी अनापत्ति जाहिर की। प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण द्वारा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर यह अपील आगे नही चलाने एवं अपील विड्रो कर ख़ारिज किये जाने की इस्तदुआ की गयी है एवं अधिवक्ता कैवियटकर्ता/रेस्पो. ने भी अपनी सहमति जाहिर की है। अत: अपील अपीलार्थीगण विड्रो किये जाने से ख़ारिज की जाती है। तदनुसार पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	

न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर